युधिष्ठिर की चिंता और कामना

प्र 1) एक-एक वाक्य में उत्तर लिखें।

अ) महर्षि द्रोणाचार्य को किसने रोक रखा था?
महर्षि द्रोणाचार्य को धृष्टद्युम्न ने रोक रखा था।

आ) धृष्टद्युम्न को महर्षि द्रोण के सामने से किसने हटाया?
धृष्टद्युम्न को महर्षि द्रोण के सामने से पांचाल-सेना के रथसवार ने हटाया।

इ) सात्यकि पर संकट आया है, यह बात किसे पता चली?
सात्यकि पर संकट आया है, यह बात युधिष्ठिर को पता चली।

ई) युधिष्ठिर के रक्षा का भार किसपर था?
युधिष्ठिर के रक्षा का भार सात्यकी पर था।

उ) सात्यकि का युधिष्ठिर को छोड़कर जाने का परिणाम क्या हुआ?
सात्यकि जब युधिष्ठिर को छोड़कर गया तब द्रोणाचार्य ने पांडव-सेना पर हमले शुरू कर दिए।

ऊ) अर्जुन कि लड़ाई किससे हो रही थी?
अर्जुन कि लड़ाई जयद्रथ से हो रही थी।

ए) युधिष्ठिर के मन से शोक के बादल कैसे हट गए?
भीमसेन और अर्जुन के शंखनाद सुनके युधिष्ठिर के मन से शोक के बादल हट गए।

ऐ) कर्ण ने भीम को क्यों नहीं मारा?
कर्ण ने कुंती माता को वचन दिया था के वह अर्जुन के सिवा किसीको नहीं मारेगा। इसलिए कर्ण ने भीम को नहीं मारा।

ओ) भीम के रथ के घोड़े किससे युद्ध करते हुए मारे गए?
भीम के रथ के घोड़े कर्ण से युद्ध करते हुए मारे गए।

प्र.२) दिए गए वाक्य सही है या गलत वह लिखें।

अ) जयद्रथ की रक्षा करने हेतु द्रोण चले गए। — गलत
आ) कौरव सेना तीन हिस्सों में बटकर कमजोर हो गयी। — सही
इ) युधिष्ठिर सात्यकि की सहायता करने गया। — सही
ई) अर्जुन की सहायता के लिए कोई नहीं गया। — गलत
उ) नकुल ने शंखनाद किया। — गलत
ऊ) द्रोणाचार्य के हमले से पांडव-सेना दूर गयी। — सही
ए) द्रोण को सहदेव को जिंदा पकडना था। — गलत
ऐ) कर्ण और भीम के बीच भीषण युद्ध चल रहा था। — सही
ओ) कर्ण ने शेष माँ को वचन दिया था। — गलत
औ) भीम बहोत क्रोधित था। — सही

प्र.३) विलोम अर्थवाले शब्द लिखें।

अ) रक्षा × विनाश
आ) चतुर × मूढ़
इ) धर्म × अधर्म
ई) आग × जल
उ) उग्र × शांत
ऊ) कमजोर × ताकदवर
ए) कुशल × अकुशल
ऐ) मोह × निर्मोह
ओ) आसानी × कठिनाई
औ) आराम × तकलीफ

प्र.४) रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

अ) इसी समय श्रीकृष्ण के पांचजन्य की ध्वनी सुनाई दि।
आ) यदि तुम लोग उनको कुशलपूर्वक पाओ तो सिंहनाद करना।
इ) राजा की रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।
ई) वह उछलकर कर्ण के रथ पर जा कूदा।
उ) प्राणों का मोह छोड़कर वह लड़ने लगा।